# Samyak
An Institute For Civil Services

# RAS - 23 MAINS TEST SERIES

## सिद्धि - 01/23

Time : 3 Hours | Maximum Marks : 200

**भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, आधुनिक विश्व का इतिहास**
**Indian History & Culture + History of Modern World**

## Paper - I$^{st}$ Unit - I$^{st}$

| Name : | | | |
|---|---|---|---|
| Enroll. No. | Part | Marks Obtained | Attempted Questions |
| Date : 15 Oct 2023 | Part - A | 35¼ | 29 |
| Medium : हिन्दी | Part - B | 51½ | 15 |
| Email : | Part - C | 35½ | 07 |
| Invigilators Signature : | | Total - 122¼ | |

Hindi → 17.25
english → 10

| ECN : | | RCN : | |
|---|---|---|---|

*very good

## अनुदेश (Instructions)

1. परीक्षा शुरू होने से पहले पुस्तिका को जाँच लें।
   **Please check the booklet before commencement of the exam.**
2. दिये गये रिक्त स्थान में निर्देशित शब्द सीमा में उत्तर दें।
   **Write the answers according to the prescribed word limit, in the space given.**
3. अंक योजना प्रत्येक खंड के प्रारम्भ में दी गई है।
   **The marking scheme is given at the start of every section.**
4. परीक्षा के पश्चात् उत्तर पुस्तिका हॉल अधीक्षक को सौंप दें।
   **Return the answer booklet to the hall superintendent after completing the paper.**

SAMYAK, Near Riddhi Siddhi, Gopalpura Bypass, Jaipur,
Test Series Help Line & Whatsapp - 9414988860, Email Id - samyaktestseries@gmail.com

CamScanner

| | REVIEW PARAMETERS | SCALE | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Good | Above Average | Average | Below Average |
| 1. | DOES THE ANSWER ADDRESS THE DEMAND OF THE QUESTION? | | | | |
| a. | **Answer Relevancy** | | ✓ | | |
| b. | **Answer Enrichment** points like use of: · **Key Terms/** Subject Vocab<br>Use of Commission/ report/ government publication/ judgements, etc.<br>**Association with the Current Affairs** and **use of examples** to explain the concept and idea | | ✓ | | |
| 2. | HOW WELL IS THE ANSWER PRESENTED? | | | | |
| a. | **Structure** - Intro, Body, Conclusion | ✓ | | | |
| b. | **Presentation** – Using Subheadings/ points/ highlighting/ flowcharts/ diagrams/ maps | | | ✓ | |
| c. | **Language & Grammar** | ✓ | | | |
| d. | **Word limit** | ✓ | | | |

Detailed Comments / Feedback / Suggestions for Improvement
विस्तृत टिप्पणियाँ/फीडबैक/सुधार के लिए सुझाव :-

1. 2 marks → बेहतर प्रयास, निरन्तरता बनाये रखे
2. → सभी प्रश्न किये जाने का प्रयास करे
3. 
4. → लेखनी बहुत सुन्दर है बनाये रखे
5. 
6. 5 marks → Knowledge का स्तर अच्छा है
7. → जो प्रश्न छोड़े है उनको भी अच्छे से तैयार कर ले।
8. 
9. 
10. 10 marks → निरन्तर लेखन प्रयास करते रहे
→ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर underline भी कर दे



बहुत-बहुत अच्छा किया है, निरन्तरता बनाये Good luck

CS CamScanner

Comment

Note : Answer the following questions in 15 words. Each question carries 2 marks.
नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. अमरावती स्तूप का स्थापत्य
Architecture of Amravati Stupa

मौर्यकालीन कला की उत्कृष्टता, सफेद संगमरमर से निर्मित

1/4

कृष्णा गोदावरी नदी के बीच अमरावती शैली उभारदार मूर्तिकरण में बुद्ध की घटनाओं को उकेरा गया। स्तूप संरचना में बना

2. एम. एस. स्वामीनाथन इतिहास में क्यों प्रसिद्ध हैं ?
Why is M.S. Swaminathan famous in history?

भारत मे हरित क्रान्ति के जनक, संकर बीज व रसायनिक उर्वरको के उपयोग को बढावा दिया, इनके प्रयासो से भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बना, इनका हाल ही में निधन हो गया

1½

अच्छा प्रयास राष्ट्रीय किसान आयोग का नेतृत्व MSP में 50% की सिफारिश

3. मेगुती का जैन मंदिर।
The Jain temple of Meguti.

मेगुती जैन मंदिर → चालुक्य स्थापत्य कला का उत्कृष्ट नमूना, ऐहोल में स्थित, इसका निर्माण जैन रविकीर्ति ने करवाया

1½

CamScanner

Comment

4. छऊ नृत्य
chhau dance.

छाऊ नृत्य - बिहार का पारम्परिक लोक नृत्य जो विशेषत छठ पर्व पर किया जाता है।

गलत Facts ना लिखें

प्रदर्शनात्मक प्रभाव डालता है

मुखौटायुक्त नृत्य

छऊ — मयूरभंज — उड़ीसा, पुरुलिया — प. बंगाल, सरायकेला — झारखण्ड

5. 'कादिरी सिलसिला'
'Qadri Silsila'

संस्थापक - अब्दुल कादिर जिलानी, दयालुता, उदारता व प्रेम भाव पर आधारित, गाने-बाजे का विरोध, सिर पर हरी पगडी पहनते हैं। मुख्य संत - मिया मोहम्द मिया मीर (2) मुल्ला बदख्शी - दाराशिकोह गुरु

गिलानी

2

6. सित्तनवासल की चित्रकारी
Painting of Sittanavasal

मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत्... सर्वे सन्तु निरामयाः (?)

CamScanner

(5)

Comment

7. मीमांसा दर्शन की व्याख्या करें।
Explain Mimamsa philosophy.

तर्क, तत्व व अनुभूति पर आधारित दार्शनिक व्याख्या मीमांसा दर्शन कहलाता है। जैसे - पूर्व मीमांसा - जैमिनी
उत्तर मीमांसा - बादरायण (वेदान्त)

2

अनीश्वरवादी दर्शन - यज्ञ से, यज्ञों में पुरोहितों से कर्मकांड आदि कर्म के माध्यम से मोक्ष

8. हुमायूँ का मकबरा
Humayun's Tomb

अकबर के काल में हाजी बेगम द्वारा निर्माण, वास्तुकार - मिर्जा ग्यास बेग। चार बाग शैली, चारदीवारी, समामिति आदि विशेषताएँ। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल।

2

Good

लाल बलुआ पत्थर, दोहरा गुम्बद

9. गोपाल कृष्ण गोखले ने किस संस्था की स्थापना की ? इस संस्था का मुख्य उद्देश्य क्या था ?
Which organization was founded by Gopal Krishna Gokhale? What was the main objective of this institution?

गोपाल कृष्ण गोखले ने "सर्वेन्ट ऑफ इंडिया सोसायटी (1905)" की स्थापना की। इसका उद्देश्य भारत में राष्ट्रीय आंदोलन को बढ़ावा देने वाले प्रयासो को गति देना है

1/2

उद्देश्यों को अधिक स्पष्टता से लिखें



CamScanner

Comment

10. कलरीपायड्डु
Kalripaydu

11. स्वामी दयानंद सरस्वती का साहित्यिक योगदान।
Literary contribution of Swami Dayanand Saraswati.

वेदो के ज्ञान को पुर्नस्थापित कर भारत के प्राचीन गौरव को जाग्रत करना इसके लिए उन्होने "सत्यार्थ प्रकाश" व "अद्वैत मत का खंडन" इत्यादि पुस्तको की रचना की

12. 'अलवार' और 'नयनार' भक्ति आंदोलन में क्या अंतर है ?
What are the differences between 'Alvar' and 'Nayanar' Bhakti movements?

| अलवार | नयनार |
| --- | --- |
| यह वैष्णव समर्थक थे, भगवान विष्णु की पूजा करते थे। संख्या -12 जैसे रामानुजाचार्य आदि | मूलतः शिव अनुयायी शिव की आराधना, संख्या मे 63 थे। मुख्य - तेवरी |



CamScanner

13. 'अंगुत्तरनिकाय' की विषयवस्तु क्या है ?
What is the subject matter of 'Anguttarnikaya'?

अंगुतर निकाय - सुत पिटक के 5 भाग में से एक भाग, इसमे बौद्ध के जीवन की शिक्षाएँ एवं 16 महाजनपदो का उल्लेख मिलता है।

2

अच्छा प्रयास

14. 'ईस्ट इंडिया एसोसिएशन'
'East India Association'

ईस्ट इंडिया एसोसिएशन → 1866 ई. में ब्रिटेन में दादा भाई नौरोजी द्वारा स्थापित, विदेश में स्थापित प्रथम भारतीय संस्था

2

Good
उद्देश्य भी लिख सकते है ब्रिटिश लोगों को भारतीय स्थिति से अवगत करवाना

15. सरहदी गांधी
Sarhadi Gandhi

सरहदी गाँधी या सीमांत गाँधी के रूप में खान अब्दुल गफ्फार खान लोकप्रिय है। संगठन - खुदाई खिदमतगार (लाल कुर्ती)। उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रांत में राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया

2

→ बेहतर प्रयास
1987 में भारतरत्न प्रदान किया गया



CS CamScanner

Comment

16. 'सत्यशोधक समाज'
'Satyashodhak Samaj'

सत्यशोधक समाज → 1873 में ज्योतिबा फुले द्वारा स्थापित। इस संस्था का मुख्य कार्य "दलितोद्धार" करना व ब्राह्मणों के छूआछूत का विरोध पुस्तक - गुलामगिरी

2

17. स्वतंत्रता आंदोलन में मैडम भीकाजी कामा की भूमिका स्पष्ट कीजिए।
Explain the role of Modam Bhikaji Cama in the freedom movement.

मैडम भीखा जी कामा → एक पारसी महिला व दादा भाई नौरोजी की सचिव, "भारतीय क्रांति की माता" कहा जाता है, जर्मनी के स्टुटगार्ड में समाजवादी सम्मेलन (1907) में भारतीय तिरंगा फहराया।

2

18. 'तामलुक जातीय सरकार'
'Tamluk caste government'

भारतीय छोड़ो आंदोलन में तीन समानान्तर सरकारों (बलिया, सतारा, तामलुक) में से एक, इसकी स्थापना "हजारा मातंगना" ने की। इन्होंने "विद्युत वाहिनी सेना" का गठन भी किया

2



CamScanner

19. स्वतंत्रता आंदोलन में 'जतिन दास' का नाम क्यों प्रसिद्ध है?
Why is the name of 'Jatin Das' famous in the freedom movement?

जतिनदास या बाघाजतिन महान क्रान्तिकारी जिन्होने जेल में अंग्रेजो के अमानवीय अत्याचारो के कारण भूख हड़ताल की और 64 दिनो की भूख-हड़ताल के पश्चात (1931) शहीद हो गए।

2

अउशील लन समिति से सम्बन्ध लाहौर षड्यंत्र के अन्तर्गत गिरफ्तार

20. 'बॉम्बे प्लान'
'Bombay Plan'

बॉम्बे प्लान - 1944 में आया, भारत के आर्थिक विकास व भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर उद्योगपतियो का सम्मेलन। बॉम्बे प्लान में के.सी नियोगी की सिफारिश पर ही योजना आयोग (15 मार्च 1950) का गठन हुआ

1/2

पंचवर्षीय योजना आयोग की पृष्ठभूमि में भूमिका

21. 'गोथिक स्थापत्य' से आप क्या समझते हैं?
What do you understand by 'Gothic Architecture'?

पुर्नजागरण से पूर्व यूरोप की स्थापत्य कला शैली जिसे बर्बर शैली भी कहा जाता है। नुकीले मेहराब, मीनारो की संख्या अधिक व गुंबदो का अभाव इसकी मुख्य विशेषता थी

1/2

उदाहरण 1833 में बना मुम्बई टाउन हॉल



CamScanner

22. प्रतिवादी धर्मसुधार हेतु गठित 'ट्रेंट परिषद्' की भूमिका स्पष्ट कीजिए।
**Explain the role of the 'Trent Council' formed for religious reform.**

प्रोटेस्टेंट को रोकने हेतु द्वितीय ट्रेंट परिषद में महत्वपूर्ण निर्णय → सुधारवादी - पाप मोचन पत्रों की बिक्री पर रोक, पादरियों का प्रशिक्षण, योग्यता आधारित भर्ती, स्थानीय भाषाओं में उपदेश आदि

½

23. उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद का अंतर स्पष्ट कीजिए।
**Explain the difference between colonialism and imperialism.**

उपनिवेशवाद एक आर्थिक अवधारणा है जिसमें शक्तिशाली राष्ट्र कमजोर राष्ट्र की आर्थिक नीतियों को संचालित करता है जबकि साम्राज्यवाद में राजनैतिक तत्व महत्वपूर्ण है जहाँ आर्थिक के साथ-साथ सांस्कृतिक व राजनैतिक प्रभुत्व स्थापित किया जाता है

1

24. 'टेनिस कोर्ट की शपथ' का महत्व।
**Importance of 'Tennis Court Oath'.**

फ्रांस की राज्यक्रांति से संबंधित, 20 जून 1789 को फ्रांस के संविधान बनने तक, व राष्ट्रीय सभा को मान्यता देने के लिए ली गई। इसका प्रारूप मौनियर ने तैयार किया।

½



CamScanner

(10)

**Samyak**
An Institute For Civil Services

(11)
Comment

25. विटुवियन मैन
Vituviyan Man

Note : Answer the following questions in 50 words. Each question carries 5 marks.
नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

1. गुप्तकालीन मंदिरों का उदाहरण बताते हुए इन मंदिरों की स्थापत्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
**Giving examples of Gupta period temples, mention the architectural features of these temples.**

स्थापत्य विशेषताएँ - उत्तर भारत में मंदिर का सर्वप्रथम निर्माण, ऊँचे चबूतर पर निर्मित, कालांतर में गर्भगृह का निर्माण, गर्भगृह के ऊपर शिखर व चारों ओर प्रदक्षिणा पथ, मंदिर के तीन ओर सीढ़ियाँ, पंचायतन शैली के मंदिर भी बनने लगे। उदाहरण - देवगढ़ का दशावतार मंदिर भूमरा का शिव मंदिर, नाचना कुठारा का पार्वती मंदिर, तिगवा का विष्णु मंदिर, लक्ष्मण मंदिर भीतरगाँव का ईंटों का मंदिर, कोंच के बाड़ोली मंदिर

3½

अच्छा प्रयास निरन्तरता बनाये रखें

स्थापत्य का स्पष्टीकरण



CamScanner

**Samyak**
An Institute For Civil Services

Comment.

2. हड़प्पा सभ्यता में विज्ञान के विकास पर प्रकाश डालिए।
Throw light on the development of science in the Harappan civilization.

हड़प्पा सभ्यता में विज्ञान का विकास - (1) हड़प्पा सभ्यता का सुव्यवस्थित नगर नियोजन व समकोण पर काटती सड़के विज्ञान व वास्तुकला की उन्नत अवस्था को प्रमाणित करती है। (2) हड़प्पा के औद्योगिक नगर लोथल, चन्हूदड़ो आदि से मनके, प्रसाधन सामग्री आदि (3) कालीबंगा से एक बच्चे की खोपड़ी जिसमे 6 छेद है अतः शल्य चिकित्सा के प्रमाण (4) मोहनजोदड़ो से कॉसे की नर्तकी, कुनाल से चॉदी के मुकुट, कॉसे का रथ अतः उन्नत धातु विज्ञान

3. अजंता की चित्रकला और एलोरा की चित्रकला में व्याप्त अंतरों को स्पष्ट करें।
Explain the differences between the paintings of Ajanta and the paintings of Ellora.

CamScanner

Comment

4. खिलजी वंश के स्थापत्य योगदान को उजागर कीजिए।
Highlight the architectural contribution of Khilji dynasty.

3½

खिलजी वंश के समय अत्यंत सुंदर अलंकरण हुआ जो उनकी अच्छी आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। अलाउद्दीन खिलजी निर्मित सिरी फोर्ट, हजार बेगम सितून का महल (हौज खास), अलाई मीनार, अलाई दरवाजा (वैज्ञानिक दृष्टिकोण से निर्मित प्रथम इमारत), जमायत खाना मस्जिद (शुद्ध इस्लामिक शैली में निर्मित) व मुबारक शाह द्वारा निर्मित ऊखा मस्जिद। इस समय इंडो-इस्लामिक व अरबस्क शैली (हिन्दू-मुस्लिम मिश्रित) विकसित हुई

1290 - 1320
संगमरमर का उपयोग
सजावट के लिये
अच्छा प्रयास

5. मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के साहित्य की प्रकृति को समझाइए।
Explain the nature of the literature of the medieval Bhakti movement.

2½

मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के साहित्य में "भक्ति पर विशेष बल, गुरु की महत्ता की स्थापना, धर्म की सरल व उदार व्याख्या, नैतिक चरित्र व शुद्धता की स्थापना पर बल, स्थानीय भाषाओं के विकास, धार्मिक आडम्बरों, कुरीतियों, जाति-प्रथा वर्ण-व्यवस्था का विरोध किया। इनमें मीरा की पदावलियाँ, कबीर की बीजक व साखी, तुलसीदास की विनयपत्रिका, रैदास की पर्ची, सूरदास की भ्रमर गीत आदि प्रमुख है

दक्षिण भारतीय संतों की रचनाओं को भी सम्मिलित करें।
उदा० → विषय प्रधान

**Samyak**
An Institute For Civil Services

Comment

6. 'शाहजहाँ का काल मुगल स्थापत्य का स्वर्ण काल था- उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए।
'The period of Shahjahan was the golden period of Mughal architecture – explain with examples.

3½

शाहजहाँ के काल में पर्णिल मेहराब व अलंकृत स्तंभ बने। प्रमुख योगदान - दिल्ली में लालकिला (अहमद व हमीद वास्तुकार), शाही जामा मस्जिद का निर्माण, आगरा के किले में दीवान-ए-खास, ख्वाबगाह, मोती मस्जिद व ताजमहल (चारबाग शैली, सममिति, जल-फव्वारे आदि)

स्पष्ट है कि शाहजहाँ ने मुगलकाल ही नहीं अपितु भारत की स्थापत्य कला को शिखर पर पहुँचा दिया जिसकी परिणति ताजमहल (विश्व आश्चर्य) में देखने को मिलती है

मुगल स्थापत्य काला काल (स्वर्णकाल)

7. सूफीवाद के मूल सिद्धान्त कौन-कौन से हैं ? वर्तमान दौर में सूफीवाद की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।
What are the basic principles of Sufism? Explain the relevance of Sufism in the present times.

3

मूल सिद्धांत - (1) इस्लाम में "एकेश्वरवाद पर बल (2) इस्लाम की उदार व्याख्या (3) इस्लाम में सर्वस्व "अल्लाह को समर्पित" (4) "इबादत" पर सर्वाधिक बल (5) संगीत के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति (6) सांसारिक गृह त्याग आवश्यक

वर्तमान में इस्लाम को उदार बनाने, कट्टरतावाद को समाप्त करने, हिंदू-मुस्लिम सामाजिक समन्वय इस्लाम की जड़वादी परम्पराओं को दूर करने में सूफीवाद प्रासंगिक है।

बहुत अच्छा



CamScanner

Comment

8. ब्रिटिश काल में भारतीय हस्तशिल्प उद्योगों के पतन के कारणों पर प्रकाश डालिए।
**Throw light on the reasons for the decline of Indian handicraft industries during the British period.**

हस्तशिल्प उद्योग पतन के कारण-(1) भारत से कच्चे माल का इंग्लैण्ड को निर्यात जिससे भारत में आपूर्ति में कमी (2) इंग्लैण्ड की औद्योगिक क्रान्ति-अधिक उत्पादन कम समय में तैयार होना (3) भारत में सस्ती दरो पर ब्रिटिश सामान का विक्रय (4) विदेशी वस्तुओ पर आयात शुल्क का न होना (5) कम लागत व श्रम पर गुणवतायुक्त वस्तुओ का उत्पादन, इत्यादि मूल कारण थे जिन्होने भारतीय हस्तशिल्प उद्योग को मृतप्राय बनादिया।

4
V. Good
बहुत अच्छा लिख रहे है निरन्तरता बनाये रखे।

9. स्वदेशी आंदोलन क्या था ? स्वतंत्रता आंदोलन पर इसके प्रभाव की विवेचना कीजिए।
**What was the Swadeshi movement? Discuss its impact on the freedom movement.**

लार्ड कर्जन के बंगाल विभाजन की घोषणा की प्रतिक्रिया में उपजा पहला व्यापक जनअसंतोष था जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को गति प्रदान की
प्रभाव-(1) स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदू-मुस्लिम एकता पर बल जैसे राखी दिवस (2) विदेशी वस्तुओ का बहिष्कार जो असहयोग आंदोलन का भी आधार बना (3) स्वदेशी संस्थाओ की स्थापना-बंगाल केमिकल्स (4) विभिन्न भागो में राजनैतिक चेतना का सूत्रपात-जैसे मद्रास, आंध्रप्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र आदि

3½ + ½
स्वतंत्रता आंदोलन पर इसके प्रभाव → होमरूल लीग एवं असहयोग आंदोलन जैसे आंदोलन को प्रेरणा

**Samyak**
An Institute For Civil Services

Comment

3

10. 'ब्रह्म समाज ने सामाजिक-धार्मिक सुधार की दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई' - स्पष्ट कीजिए।

**'Brahmo Samaj played an important role in the direction of socio-religious reform' – Explain.**

1828 में राजा राम मोहनराय ने ब्रह्म समाज की स्थापना

ब्रह्म समाज के सुधार - (1) मूर्तिपूजा, धार्मिक आडम्बर कर्मकाण्ड का विरोध तथा एकेश्वरवाद व धर्म की सात्विक व्याख्या पर बल, धर्म के सहज, सौंदर्य, प्रेमपूर्ण व उदारता पर बल (2) सामाजिक सुधार में सती-प्रथा, बहुविवाह, जाति-प्रथा, कन्यान्वध, सामाजिक असमानता, वर्णव्यवस्था का विरोध जबकि महिला साक्षरता, महिला शिक्षा, सामाजिक समानता, विधवा-पुनर्विवाह आधुनिक शिक्षा पर विशेष बल दिया।

अच्छा लिखा है

निरन्तरता बनाए रखें

11. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भारत से बाहर घटित क्रांतिकारी गतिविधियों की चर्चा कीजिए।

**Discuss the revolutionary activities that took place outside India during the independence movement.**

4

विदेशों में क्रांतिकारी गतिविधियाँ - (1) लंदन में श्याम जी कृष्ण वर्मा द्वारा "इंडिया हाउस" की स्थापना क्रांतिकारियों को प्रशिक्षण (2) कनाडा के वेंकूवर में तारकनाथ दास व जी.डी कुमार का योगदान (3) अमेरिका के सेन-फ्रांसिस्को में लाला हरदयाल व सोहनसिंह भाखना द्वारा गदर पार्टी की स्थापना (4) जर्मनी के स्टुटगार्ड में समाजवादी सम्मेलन में भीखा जी कामा द्वारा तिरंगा फहराना (5) सिंगापुर में कैप्टन मोहन द्वारा आजाद हिंद फौज की स्थापना।

महत्वपूर्ण बिंदुओं के underline कर सकते है जिससे अच्छा प्रभाव पड़ेगा।



CamScanner

12. रियासतों के एकीकरण में सरदार पटेल द्वारा अपनाई गई नीतियों का उल्लेख कीजिए-
**Mention the policies adopted by Sardar Patel in the integration of the princely states-**

(1) 5 जुलाई 1947 को रियासतों के एकीकरण हेतु रियासती विभाग की स्थापना (2) 10 लाख से अधिक जनसंख्या व 1 करोड़ की आय वाली रियासते ही स्वतंत्र रह सकती थी का प्रावधान किया (3) 562 रियासतो का विलय "इन्स्ट्रूमेशन-एक्सेशन" से किया (4) जूनागढ में जनमत संग्रह, हैदराबाद में "स्थास्थिति समझौता व बाद में ऑपरेशन पोलो (पुलिस कार्यवाही) तथा कश्मीर में हरिसिंह से समझौते व तत्पश्चात कबीलाइयो पर सैनिक कार्यवाही

4 Good
→ प्रिवीपर्स प्रयास किये भाग में के प्रयासों को भी सम्मिलित किया जा सकता है।

13. अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के भारत और विश्व पर पड़ने वाले प्रभावों को चित्रित कीजिए।
**Describe the impact of the American War of Independence on India and the world.**

विश्व पर प्रभाव → लोकतंत्र का विकास व लिखित संविधान (2) मजहबी स्वतंत्रता (3) आयरलैण्ड को लाभ (4) फ्रांस की क्रांति को बल मिला (5) ब्रिटिश राष्ट्रमंडल का उदय (6) वाणिज्यवाद का अंत (7) संसद की सर्वोच्चता स्थापित होना

भारत पर प्रभाव → लोकतंत्र की मांग, मानवाधिकारो की मांग, राष्ट्रमंडल की सदस्यता, भारत के संविधान की मांग, इंग्लैण्ड के अजेय होने का भ्रम दूर हुआ।

3½
औपनिवेशीकरण के विरोध की शुरूआत जैसे बिंदुओं को भी सम्मिलित कर सकते है
अच्छा प्रयास



CamScanner

Comment

14. फ्रांस की क्रांति के लिए उत्तरदायी राजनीतिक परिस्थितियों की चर्चा करें।
Discuss the political circumstances responsible for the French Revolution.

राजनीतिक परिस्थितियाँ- (1) निरंकुश राजतंत्र व अधिनायकवादी सत्ता - लुई 14वें के शब्द थे "मैं ही राज्य हूँ" (2) अयोग्य शासक - लुई-15 भोग-विलासी तो लुई-16 पर "मेरी आन्तोनेत का पूर्ण प्रभाव था (3) खर्चीली राजव्यवस्था- अधिकांश धन वर्साय के महलो में राजाओ की शान-शौकत मे खर्च हो जाता था (4) भ्रष्ट व खर्चीली न्याय व्यवस्था - हर मील पर कानून बदल जाता था (5) असक्षम प्रतिनिधि सभा (एस्टेट जनरल)

4½

V-Good

निरन्तरता बनाये रखे

15. उपनिवेशवाद की प्रक्रिया के विविध चरण कौन-कौन से रहे हैं ? स्पष्ट कीजिए।
What were the various stages of the process of colonialism? Explain.

उपनिवेशवाद के चरण- (1) उद्योग-धंधो की स्थापना, आर्थिक संसाधनो का दोहन, बाजारवाद का विकास धीरे-धीरे आर्थिक प्रभुत्व स्थापित करना व स्वयं के हितो के अनुरूप संचालित करना (2) सामाजिक व सांस्कृतिक प्रभुत्व - ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार, ईसाई मिशनरीज, आधुनिकता, अंग्रेजी शिक्षा, पश्चिमी मूल्यों का विकास (3) राजनैतिक विकास- अंततः राजनैतिक प्रभुसत्ता प्राप्त करना, साम्राज्य विस्तार, वैश्विक प्रतिष्ठा आदि।

1½

(1) वाणिज्यिकरण व्यापारिक चरण (2) औद्योगिकरण का चरण (3) पूंजीवाद का चरण

प्रश्न को ध्यान कर लिखा जाना बेहतर होगा।

**Samyak**
An Institute For Civil Services



Comment

16. प्रथम विश्वयुद्ध के लिए जर्मनी किस सीमा तक उत्तरदायी था ? अपने उत्तर के समर्थन में तथ्य स्पष्ट कीजिए।

**To what extent was Germany responsible for the First World War? Explain the facts in support of your answer.**

जर्मनी का उत्तरदायित्व - (1) बिस्मार्क की कूटनीतिक संधियां जिससे यूरोप के विभिन्न देशों को अलग अलग बनाए रखना (2) जर्मनी की गुप्त संधियां (3) 1882 में जर्मनी द्वारा आस्ट्रिया व इटली के साथ त्रिगुट बनाना (4) फ्रांस के साथ सेडॉन युद्ध, अल्सास व लॉरेन प्राप्त ले लेना (5) जर्मन शासक द्वारा 1894 में नौ-सेना के विस्तार व आधुनिकीकरण का निर्णय (6) सर्बिया पर आक्रमण के लिए आस्ट्रिया को तुरंत समर्थन दे देना

4

V. good

→ वे सके निष्कर्ष में लिखा जा सकता है

जर्मनी पूर्णत जिम्मेदार नहीं, अन्य कारण भी रहे थे।

CamScanner

Comment

Note : Answer the following questions in 100 words. Each question carries 10 marks.

नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।

1. भारत में 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में राष्ट्रीय चेतना के विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए।
Discuss the main factors that influenced the development of national consciousness in India in the latter half of the 19th century.

19 वी शताब्दी के राष्ट्रीय चेतना को प्रभावित करने वाले कारक -(1) अंग्रेजी सता- (a) सकारात्मक कारण पश्चिमी मूल्यो से सम्पर्क, राजनैतिक जाग्रति, आधुनिक व अंग्रेजी शिक्षा, ईसाई मिशनरीज द्वारा भारतीय समाज पर व्यंग्य, प्रगतिशील व समतामूलक समाज, लोकतांत्रिक मूल्य आदि
(b) नकारात्मक - भू-राजस्व नीतियॉ, आर्थिक शोषण उद्योग-धंधो का पतन, कृषि का वाणिज्यकरण अमानवीय अत्याचार आदि (2) सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन - सामाजिक कुरीतियो पर प्रहार, स्वदेशी, स्वभाषा, स्वराज पर बल (3) सामाजिक व राजनीतिक संगठनो की स्थापना- जैसे ब्रह्म समाज, आर्य समाज, इण्डियन लीग आदि (4) समाचार पत्र व पत्रिकाओ का योगदान - सोम प्रकाश (5) 1857 की क्रांति (7) लिटन की नीतीयॉ- दिल्ली दरबार, वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट आदि (8) इल्बर्ट बिल विवाद व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना जिससे सांगठनिक नेतृत्व प्राप्त हुआ

6½

बहुत अच्छा प्रयास

Good

निरन्तरता बनाये रखें।

निष्कर्ष लिखते तो बेहतर होगा।



CamScanner

(20)



2. 'आधुनिक समय में व्याप्त सांप्रदायिकता की समस्या ब्रिटिश काल में अपनाई गई नीतियों का ही परिणाम है।' कथन की समीक्षा करें-

'The problem of communalism prevalent in modern times is the result of the policies adopted during the British period.' Review the statement-

1857 की क्रांति को हिंदू-मुस्लिम एकता का षड्यंत्र मानते हुए अंग्रेजो ने इसमे फूट डालने का प्रयास किया। W.W हंटर की पुस्तक इंडियन मुसलमान में क्रांति के लिए मुसलमानो को उत्तरदायी ठहराया गया। सर सैयद अहमद खाँ जो हिंदू-मुस्लिम एकता के समर्थक थे अंग्रेजी प्रभाव मे उन्होंने "एंग्लो मोहम्मडन ओरिएन्टल कॉलेज की स्थापना की। इसी कालेज के प्रधानाचार्य "आर्च बोल्ड" ने मुस्लिमो को हिंदूओ के विरूद्ध भड़काना प्रारंभ किया। आर्च बोल्ड के प्रयासो के परिणामस्वरूप ही मुस्लिम लीग की स्थापना हुई जिसके मुख्य नेता मुहम्मद अली जिन्ना न आगे चलकर पृथक पाकिस्तान की मांग की। लार्ड कर्जन के बंगाल विभाजन का उद्देश्य भी हिंदू-मुस्लिम एकता को समाप्त करना था। इसी क्रम मे 1909 का अधिनियम ने मुसलमानो को पृथक निर्वाचन देकर सांप्रदायिकता की जो शुरुआत की वो स्पष्टतः आज भी जनभावना मे सांप्रदायिक विक्षेप मे देखी जा सकती है

4½

मांग को आजकल के उदाहरण से लिखें
- वर्तमान की राजनीति
- बंगाल विभाजन
- मुस्लिम लीग की स्थापना
- 1909 मार्ले मिंटो सुधार
- राज्य पर्यायी/धार्मिक पर्याय कानून
- निष्कर्ष लिखें



CS CamScanner

Comment

3. भक्ति आंदोलन के भारतीय समाज, धर्म और साहित्य पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट करें।
Explain the impact of Bhakti movement on Indian society, religion and literature.

भक्ति आंदोलन का प्रभाव - (1) भारतीय समाज पर-
(a) बाल-विवाह, बहु विवाह, सती प्रथा, कन्या वध का विरोध हुआ। महिला शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, विधवा पुनर्विवाह, स्त्रियों की दशा में सुधार हुआ (b) जाती-पात, छुआ-छूत, ऊँच-नीच में कमी आई, तथा सामाजिक समानता, मानव उत्थान, दलितोद्धार के कार्य हुए। (2) धर्म पर प्रभाव - धर्म की सरल व उदार व्याख्या की, ब्राह्मणों की मध्यस्ता को अस्वीकार कर दिया गया, कर्मकाण्ड व मूर्तिपूजा का विरोध जबकि एकेश्वरवाद व निर्गुण निराकार भक्ति को महत्व मिला, चारित्रिक शुद्धता व नैतिकता को बल मिला, गुरु की महत्ता को बल मिला। (3) साहित्य में योगदान - स्थानीय भाषाओं में उपदेश दिए, स्थानीय भाषाओं का विकास हुआ, आमजन की साहित्य पढ़ने व लिखने में रुचि जाग्रत हुई, संगीत संकीर्तन का भी विकास हुआ। स्पष्ट है कि भक्ति आंदोलन ने हिंदू-मुस्लिम समन्वय स्थापित करते हुए सामाजिक समरसता भी स्थापित की

4½

अच्छा लिखे है

महत्वपूर्ण बिंदुओं को underline किया करें

निष्कर्ष को और समाहित करें।




CamScanner

4. प्राचीन भारत मे मंदिर वास्तुकला की विभिन्न शैलियों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत कीजिए।
**Present a comparative description of different styles of temple architecture in ancient India.**

प्राचीन भारत में मंदिर वास्तुकला की मुख्य तीन शैलिया प्रचलित थी (1) नागर शैली (2) द्रविड़ शैली व बेसर शैली। (1) नागर शैली उत्तर भारत में मंदिर निर्माण की प्रमुख शैली थी जिसकी मुख्य विशेषताओ में गर्भगृह, गर्भगृह के ऊपर शिखर, प्रदक्षिणा पथ, अंतराल (मण्डप को गर्भ-गृह से जोड़ने वाला हिस्सा), मंडप (गर्भगृ के सामने स्तंभो पर टिका भाग), कलश, आमलक आदि प्रमुख थे। प्रमुख मंदिर- खजुराहो के मंदिर
(2) जबकि द्रविड़ शैली की विशेषताओ मे गर्भगृह, गर्भगृह के ऊपर शिखर, प्रदक्षिणा पथ, मंडप, अर्द्ध मंडप, विमान (पिरामिडाकार) गोपुरम (विशाल प्रवेश द्वार जो मंदिर से भी ऊँचे होते थे), विशाल प्रांगण, जल हेतु कुओं से व्यवस्था आदि। प्रमुख मंदिर- तंजौर का वृहदेश्वर मंदिर, कांची का कैलाशनाथ
(3) जबकि बेसर शैली दोनो शैलियो का मिश्रित रूप है जिसमे मंदिर निर्माण नागर शैली मे तथा अलंकरण द्रविड़ शैली मे होता है (उदा. होयसलेश्वर मंदिर

Comment: 5
तुलनात्मक विवरण में
नागर | द्रविड़ | बेसर
उदाहरण और भी सम्मिलित किया जा सकता है।
तुलनात्मक रूप से नहीं लिखा गया






CS CamScanner

Samyak
An Institute For Civil Services

Comment

Good

5½

अच्छा प्रयास

निरन्तरता बनाये रखें

महत्वपूर्ण बिंदुओं पर Underline करें

5. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की भूमिका का उदाहरणों सहित चित्रण कीजिए।
Describe with examples the role of women in the Indian national movement.

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में पुरुषो के साथ-साथ महिलाओं की भी महत्ती भूमिका रही है जिन्हे निम्न उदाहरणो से समझा जा सकता है (1) एनी बिसेन्ट ने हिंदू-कॉलेज की स्थापना की तथा स्वशासन हेतु होमरूल आंदोलन चलाया (2) असहयोग आंदोलन मे महिलाओ ने विदेशी कपड़ो की होली जलाई तथा ताड़ी की दुकानो पर धरना दिया जो आंदोलन के प्रस्ताव में ही नही था (3) सरोजनी नायडू ने धरसना सत्याग्रह (सविनय अवज्ञा) किया तथा भारत छोडो आंदोलन मे इन्हे कैदकर आगा खाँ पैलेस में रखा गया (4) प्रीतीलता वाडेदर व कल्पना दत्त ने सूर्यसेन का साथ दिया और शहीद हुई (5) अंग्रेजो द्वारा मात्र 13 वर्ष की गैडिन्लयू (सविनय अवज्ञा आंदोलन) को गिरफ्तार किया गया, पंडित नेहरू ने इन्हे रानी की उपाधि दी (6) उषा मेहता ने भारत छोडो आंदोलन के दौरान भूमिगत रेडियो स्टेशन की स्थापना की (7) अनुसूइया बेन ने गाँधी जी का साथ दिया। इसी प्रकार सुनीती चौधरी, शांतिघोष, बीनादास का योगदान भी अतुलनीय व अविस्मरणीय है।



CamScanner

6. औद्योगिक क्रांति ने यूरोपीय समाज और तत्कालीन अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित किया? व्याख्या करें।
**How did the Industrial Revolution affect the European society and economy of that time? Explain.**

औद्योगिक क्रांति का यूरोपीय समाज पर प्रभाव सकारात्मक- (a) प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि से जीवन स्तर में वृद्धि (b) धर्मनिरपेक्षता व धार्मिक सहिष्णुता पर बल (c) सांस्कृतिक समन्वय पर बल (d) प्रगतिशील समाज व तार्किक मूल्य पर बल (2) नकारात्मक प्रभाव- (a) संयुक्त परिवार प्रथा का विघटन (b) व्यक्तिवादी प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन (c) भौतिकतावाद को बढ़ावा (d) नैतिक मूल्यों का पतन (e) विभेदीकृत समाज - अमीर और अमीर तथा गरीब और गरीब। अर्थव्यवस्था पर प्रभाव-(1) सकारात्मक (a) उत्पादन मे वृद्धि (b) मांग के अनुरूप उत्पादन व्यवस्था (c) पूँजीवाद का विकास (d) बैंकिंग प्रणाली का विकास (e) राष्ट्रीय बाजारों का उदय आदि नकारात्मक - (1) मशीनों से उत्पादन से बेरोजगारी की समस्या (b) उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद का विस्तार (c) आर्थिक शोषण अतः औद्योगिक क्रांति ने यूरोप के समाज को सकारात्मक व नकारात्मक दोनो रूप मे प्रभावित किया।

5

दोनों ही पक्षों पर समान रूप से लिखा जाना चाहिए
समाज अर्थव्यवस्था

निष्कर्ष औद्योगिक क्रांति ने न केवल यूरोप बल्कि विश्व को प्रभावित किया तथा उसका प्रभाव सामाजिक आर्थिक के साथ राजनीतिक सामाजिक भी है।



CS CamScanner

Comment

7. फ्रांस की क्रांति के स्वरूप/प्रकृति के संबंध में व्याप्त विविध विचारों को स्पष्ट कीजिए।
Explain the various views prevalent regarding the form/nature of the French Revolution.

फ्रांस की राज्य क्रांति का स्वरूप - (1) निरंकुश राजतंत्र की समाप्ति - इसे निरंकुश राजतंत्र का अंत: व गणतंत्र की स्थापना करने हेतु राजतंत्र के विरुद्ध विद्रोह बताया गया (2) प्रजातंत्रवाद फ्रांस की क्रांति को प्रजातंत्र अर्थात शासन की सर्वोच्च शक्ति जनता मे नही होगा की प्रभुसता वाली क्रांति कहा गया (3) स्वतंत्रता समानता व बंधुता का सिद्धांत - अनेक विद्वान इसे फ्रांसीसी समाज मे व्यापत असंतोष जैसे-पादरी वर्ग, कुलीन वर्ग व सामान्य वर्ग के मध्य भेद को क्रान्ति का सामाजिक कारण मानते है। (4) कुछ विद्वान इसे मानव के प्राकृतिक अधिकारो जैसे-स्वतंत्रता व विधि के समक्ष समता तथा योग्यता आधारित चयन आदि समानता स्थापित करने वाली क्रांति कहते है।

स्पष्टत: है कि फ्रांस की क्रांति किसी एक कारण का परिणाम न होकर वहाँ की अनेकों समस्याओ के परिणामो का योग थी



स्वरूप निर्धारण में विभिन्न दृष्टिकोण

जैसे — मध्यवर्गीय स्वरूप (उदाहरण) बुर्जुआ क्रांति के नाम से भी

नेपोलियन तृतीय द्वारा वाले लिखा —

उपसंहार उदाहरण को अच्छा जोड़ा जा सकता था और लिखा जा सकता है

अच्छा प्रयास

4½

CamScanner

A. निम्नलिखित प्रश्न की अधिसूचना लिखिए। अंक - 10

1. सचिव कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से राजकीय कर्मचारियों के अवकाश के आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर करने हेतु अधिसूचना जारी कीजिए।

राजस्थान सरकार
कार्मिक विभाग
शासन सचिवालय
अधिसूचना
जयपुर, दिनांक 15 अक्टूबर 2023

प.क्र. 4(2)/कावि/जय/2023/431, राजस्थान सेवा नियम, 1951 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल की ओर से राजस्थान सरकार के अधीन पदस्थापित राजकीय कर्मचारियों के अवकाश के आवेदन ऑनलाइन पोर्टल राजकाज पर किये जायेंगे। यह आदेश 1 नवम्बर, 2023 से प्रभावी होगा।

राज्यपाल की आज्ञा से
क ख ग
(क ख ग)
सचिव कार्मिक विभाग
जयपुर।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित



(1) सचिव, राज्यपाल, राजस्थान, जयपुर।
(2) अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, जयपुर।

7½

अत्यधिक प्रयास

क ख ग
सचिव कार्मिक विभाग

CamScanner

Comment

4.75

**B.** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए — 5 अंक

| शब्द | - | विलोम |
|---|---|---|
| (i). ऋत | - | अनृत |
| (ii). जंगम | - | स्थावर |
| (iii). सामिष | - | निरामिष |
| (iv). नैसर्गिक | - | कृत्रिम |
| (v). अर्वाचीन | - | प्राचीन |
| (vi). मसृण | - | रुक्ष |
| (vii). इति | - | ~~अथ~~ अथ |
| (viii). ग्राह्य | - | त्याज्य / अग्राह्य |
| (ix). नत | - | उन्नत |
| (x). शाश्वत | - | नश्वर |



CamScanner

C. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 5 अंक

(i). भ्रमर - मधु, मधुप, षट्पद

(ii). नदी - सरिता, तरिनी, आपगा

(iii). पेड़ - तरु, वृक्ष, पादप, विटप

(iv). घर - निकेतन, आलय, आवास

(v). गंगा - भागीरथी, त्रिपथगा, मंदाकिनी

(vi). पर्वत - गिरि, अचल, नग, शैल,

(vii). देवता - देव, त्रिदश, अजर, अमर

(viii). लक्ष्मी - श्री, रमा, विष्णुप्रिया

(ix). वन - विपिन, कानन, जंगल

(x). इंद्र - मघवा, पुरन्दर, शचीपति

5



CamScanner

Comment

Note:- Each question carries 1 Marks. Total Marks - 10

(A) Choose the word similar in meaning. : (Q. No. 1-5) Marks - 5

1. Proscribe
Banish/Permit
Banish

2. Reverence
Vengeance/Veneration
Veneration

3. Annihilate
Ruin/Inhale
Ruin

4. Desolate
Deterioration/Lonely
Deterioration

5. Yield
Surrender/Result
Surrender

(B) Choose the word opposite in meaning. : (Q. No. 6-10) Marks - 5

6. Urbane
Rural/Uncultured
Uncultured

7. Miser
Spendthrift/Weak
Spendthrift

8. Nebulous
Distinct/Tiny
Tiny

9. Affluence
Influence/Poverty
Poverty

10. Cordial
Chaste/Frigid
Frigid

CamScanner

Comment

(C) **Read the passage given below and answer the questions that follow.: (Q. No. 11-15)**

**Marks - 10**

Initiatives such as "4 per mille" and Terraton aim to sequester huge amounts of carbon in the soil. The 2018 US Farm Bill includes the first-ever incentives for farmers to adopt practices aimed at improving soil health and sequestering carbon. But these initiatives are missing a key point: not all soil carbon is the same.

The very different lifetimes of particulate organic matter and mineral-associated organic matter have important implications for these efforts. For example, adding low-quality crop residues to agricultural fields would likely create more particulate organic matter than mineral-associated organic matter. This could increase soil carbon in the short term - but if that field later is disturbed by tilling a lot of it would decompose and the benefit would be quickly reversed. The best practices focus on building up the mineral- associated organic matter for longer-term carbon storage, while also producing high-quality particulate organic matter with lots of nitrogen to help boost crop productivity.

Natural healthy soils show us that providing continuous and diverse plant inputs that reach all the way to deep soil is key for achieving both high mineral-associated organic matter storage and particulate organic matter recycling. There are many promising ways to do this, such as maintaining plant cover on fields year-round; growing diverse crops that include high-nitrogen legumes and perennials with deep roots; and minimizing tillage.

However, not all soils can accumulate both mineral-associated organic matter and particulate organic matter. Before implementing any management practices for carbon sequestration, participants should first assess the carbon storage potential of the local soil, much as a doctor studies a patient before prescribing a cure. Sequestering soil carbon effectively requires an understanding of how particulate organic matter and mineral-associated organic matter work, how human actions affect them, and how to build up both types to meet our planet's climate and food security needs.

11. **What will happen if we add low-quality crop residues to agricultural field?**

if we add low quality crop residues to agricultural field would likely create more particulate organic matter

(2) passage की भाषा का उपयोग किया अधिक प्रभावी होगी



CamScanner

**Samyak**
An Institute For Civil Services

Comment

12. **What is the synonym of the word 'boost'?**

~~Redu~~ Residues ✗

13. **What is the central idea of the given passage?**

The central idea of passag, is We would use the orgamic matter in our field to good our health ✗

14. **What conclusion can be drawn from the given passage?**

15. **What does the line "Well, if size has anything to do with the matter, the tiger would win" infer?**



CS CamScanner